भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2106
जिसका उत्तर बृहस्पतिवार, 12 मई, 2016 को दिया जाना है।

राज्यों में यंत्र विन्यास इकाइयों को अधिकार में लेना

2106. श्री डी कुपेन्द्र रेड्डी:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कुछ राज्य सरकारों से अपने राज्यों में यंत्र विन्यास इकाइयों को अधिकार में लेने को कहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) इस संबंध में राज्य सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(घ) यंत्र विन्यास इकाइयां कहां-कहां स्थित हैं और पिछले तीन वर्षों के दौरान उनका कार्य निष्पादन कैसा रहा है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क) और (ख): जी, नहीं। तथापि, भारी उद्योग विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन इंस्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड नाम का केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का एक उद्यम है, जिसकी इकाइयां कोटा, राजस्थान और पलक्कड़, केरल में हैं। मंत्रालय ने इंस्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड की क्रमशः पलक्कड़ और कोटा इकाई के अधिग्रहण पर विचार के लिए माननीय मुख्यमंत्री, केरल और माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान से अनुरोध किया है क्योंकि आईएल लगातार हानि उठा रही है और अब तक इसके पुनरुद्धार के प्रयास कामयाब नहीं हुए हैं। पलक्कड़ इकाई के पुनरुद्धार/बहाल रखने में केरल सरकार की गहरी रुचि को देखते हुए पलक्कड़ इकाई के अधिग्रहण के विकल्प पर विचार करने के लिए केरल सरकार से अनुरोध किया गया था। इंस्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड, कोटा के अधिग्रहण पर विचार के लिए राजस्थान सरकार से "जैसा है, जहां है" आधार पर अनुरोध किया गया था ताकि कुशल कार्य बल और कोटा इकाई की अन्य परिसम्पत्तियों का लाभप्रद उपयोग किया जा सके।

(ग): केरल राज्य सरकार ने कामगारों तथा राज्य के हितों को सुरक्षित करने के लिए संस्थान की आस्तियों और देयताओं का मूल्यांकन करने के अध्यधीन, इंस्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड की पलक्कड़ इकाई के अधिग्रहण का निर्णय सैद्धान्तिक रूप से दे दिया है।

राजस्थान राज्य सरकार ने सूचित किया है कि कोटा इकाई के पुनरुद्धार की संभावनाएं अत्यधिक देयताओं, संचित हानियों और पुरानी पड़ चुकी प्रौद्योगिकी को देखते हुए असंभव प्रतीत होती हैं। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार औद्योगिक इकाइयों को चलाने के लिए सक्षम नहीं है। इस पृष्ठभूमि में, राजस्थान सरकार इस इकाई का अधिग्रहण करने की स्थिति में नहीं है।

(घ): इंस्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड की कोटा, राजस्थान और पलक्कड़, केरल दोनों जगह एक-एक इकाई है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान इकाइयों का कारोबार: (₹ लाख में)

	कोटा इकाई	पलक्कड़ इकाई
2015-16	4586	7070
2014-15	7788	8097
2013-14	4759	11077

****